संविधान सभा में जब इस बात पर बहस चल रही थी कि जो राज्यों के गवर्नर हैं वह किस प्रकार से नियुक्त हो तो उस वक्त यह बहस चली कि जो राज्यपाल हैं उनका निर्वाचन होना चाहिए। लेकिन हमारे जो संविधान निर्माता थे वह इस नतीजे पर पहुंचे कि अगर एक राज्य में दो निर्वाचित लोग होंगे — एक राज्यपाल और दूसरा चीफ मिनिस्टर, तो इसलिए राज्यपाल की नियुक्ति केन्द्र सरकार द्वारा की जानी चाहिए। तो यह केवल नाम बदलने का सवाल नहीं है, क्योंकि भारत एक है। पहले राज्य प्रमुख होते थे। अब मान लीजिए राजस्थान की कोई सरकार प्रस्ताव पास कर दे कि हमारे यहां की जो विधान सभा है यहां के गवर्नर या राज्यपाल को राज्य प्रमुख कहा जाए तो इससे यह लगता है कि जैसे जम्मू कश्मीर हमारे भारत का अंग नहीं है, कोई एक अलग अंग है। प्रधान मंत्री जी पिछले सालों में एक दिन भी जम्मू कश्मीर के हिस्से में नहीं गए हैं। अब करीब-करीब डेढ़ साल से उनके पास जम्मू कश्मीर विभाग भी है। पहले गृह मंत्री जी के पास था अब प्रधान मंत्री जी के पास है। तो मेरी इस बात पर सख्त आपत्ति है कि जबकि किसी ने मांग भी नहीं की, डा० फारुख अब्दुल्ला केवल यह कहते रहे है कि प्रि- 1953 की जो स्टेट्स है उसको वहां स्थापित किया जाए। लेकिन डा० फारुख अब्दुल्ला ने स्वयं कभी इस बात की मांग नहीं की थी कि वहां सदरे रियासत हो और वजीरे आज़म हो। तो इस प्रकार की घोषणा जो उन्होंने विदेश में जाकर की है, को मैं उचित नहीं मानता हूं। अब जबकि वहां पर सात चीफ मिनिस्टर हो चुके है। शेख साहब के बाद बख्शी गुलाम मोहम्मद हुए हैं। वह चीफ मिनिस्टर कहे जाते थे। जी०एम० सईद हुए, उनको चीफ मिनिस्टर कहा जाता था। शमशुद्दीन साहब हुए थोड़े दिन के लिए । उनको भी चीफ मिनिस्टर कहा जाता था। सैयद मीर कासिम हुए, वह खुद चीफ मिनिस्टर थे। उसके बाद 1977 के इलेक्शन हुए, शेख अब्दुल्ला खुद इलेक्ट होकर के आए और चीफ मिनिस्टर बने। उसके बाद डा० फारुक अब्दुल्ला खुद चीफ मिनिस्टर हुए, जी०एम० शाह खुद चीफ मिनिस्टर रहे। किसी भी चीफ मिनिस्टर ने या किसी भी असेम्बली ने वहां पर इस बात को नहीं रखा है। इसलिए मेरी अपनी राय में इस प्रकार की घोषणा विदेश में कर के इस प्रकार का इम्प्रेशन दिया है, जैसे काश्मीर भारत का अभिन्न अंग, अविभाज्य अंग नहीं है, आटोनोमस स्टेट है भारत के अन्दर। इसमें पहलेसुप्रीम कोर्ट को कुछ अधिकार था। मैंने अभी पढ़कर सुनाया वहां का इलेक्शन कमीशन अलग है। उसके बाद—बाद में जो संविधान में परिवर्तन हुआ उस में इस बात का प्रावधान किया गया है। यह जो केन्द्र का हमारा चुनाव आयोग है इसका पूरा अधिकार क्षेत्र जम्मू और काश्मीर के अधिकार क्षेत्र में है तो इस प्रकार से एक नई चीज पैदा करना यह मेरी समझ से उचित नहीं था। इस प्रकार की घोषणा उनको नहीं करनी चाहिए थी।

चुनाव की बात है तो अभी उत्तर-प्रदेश में लोकल बॉडीज के चुनाव हुए। जम्मू और काश्मीर में चुनाव हो इस को हर व्यक्ति चाहता है लेकिन चुनाव होने के पहले इस प्रकार की स्थिति वहां होनी चाहिए। जो मतदाता हैं, जो वोटर्स हैं वे निष्पक्ष वातावरण में, भय रहित वोट दे सकें। यू०पी० में 66 जिले हैं इस वक्त। 66 जिलों की मामूली से लोकल बाड़ीज के चुनाव हुए, कारपोरेशन के, म्यूनिसीपेल्टीज के, टाउन एरिया के लेकिन वहां के गवर्नर ने यह कहा कि उत्तराखण्ड में नहीं होगा, चूंकि वहां पर कुछ मामूली एजीटेशन चल रहे हैं, वहां पर प्रदर्शन और सत्याग्रह चल रहा है और उत्तराखण्ड के आठ जिलों में उन्होंने चुनाव नहीं कराये। क्योंकि अभी वहां पर इस प्रकार का वातावरण नहीं है, स्थिति नहीं है कि भारत सरकार चुनाव की घोषणा करें। पहले उन को इस प्रकार की स्थिति बनानी चाहिए। वहां का पोलिटीकल प्रोसेस शुरू होना चाहिए, वहां पर राजनीतिक प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। दूसरे जहां तक संविधान में अनुच्छेद 370 का प्रश्न है इस के संबंध में मेरी राय है कि अनुच्छेद 370 इस देश के लिए, इस देश के संविधान के लिए ऐतिहासिक आवश्यकता है और यह सही है कि यह टेम्परेरी प्रोविजन है, अस्थाई प्रोविजन है और आर्टीकल 370 जब पास हुआ उस के बाद कितने ही आदेश राष्ट्रपति जी ने हमारी कैबिनेट की संस्तुति से जारी किए। कुछ ऐसे भी आदेश जारी हुए। मैंने उसको जानने की कोशिश की है। भारतीय जनसंघ के पहले अध्यक्ष थे डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी। डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी, जवाहर लाल नेहरु जी के साथ केबीनेट में केबीनेट स्तर के मंत्री थे। आर्टीकल 370 पारित हो चुका था और उस के अन्तर्गत केबीनेट में रहते हुए डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कभी विरोध नहीं किया। डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिस पार्टी जनसंघ के थे, उस पार्टी के श्री जगदीश माथुर जी से और श्री संघ प्रिय गौतम जी से उसी पार्टी से आज यहां हैं। मैं अनुरोध करना चाहता हूं, इसको आप समझे जिस रिजर्वेशन का प्रोवीजन, जिस आरक्षण का प्रावधान है वह भी संविधान में परमानेन्ट नहीं है वह भी अस्थाई प्रोवीजन है वह हमेशा के लिए नहीं है, उस को दस-दस साल में बढ़ाया जाता है। वह कभी भी इस्तीफा दे सकते थे।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश): उन्होंने इस्तीफा दिया, यह बात अलग है।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: इस इश्यू पर नहीं दिया।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: यह बात अलग है बहुत से इश्यूज हैं उसमें जो बंगलादेश से हिन्दुओं का निष्काशन होना भी है। केबीनेट का जो मिनिस्टर है वह केबीनेट में रह कर के हाउस में विरोध नहीं कर सकता है।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: वे इस्तीफा दे सकते थे।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: इस्तीफा उन्होंने दिया, यह बात अलग है।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: इस इश्यू पर नहीं दिया।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: और भाई यह बात अलग है बहुत से इश्यूज हैं जो बंगलादेश से हिन्दुओं का निष्कासन होता है वह एक मुख्य विषय बन गया अन्यथा जैसे ही वे बाहर आये वह 370 धारा के विरोध में नहीं उतरते। डा० मुखर्जी के समर्थन में होता, तो जनसंघ वालों को कह सकते थे तुम्हारा आन्दोलन गलत है, उन्होंने गलत नहीं कहा, साथ दिया, खुद चले गये यह उनका सबूत है।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): माथुर जी, आपको तो चेयर की जरूरत पड़ी नहीं, आप सीधे बोल सकते हैं।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: मैं यह निवेदन कर रहा था कि जो संविधान में ये ऐतिहासिक आवश्यकता है और उस का संविधान में प्रावधान बनाये रखना चाहिए। इस से देश का, राष्ट्र का हित होगा अहित नहीं होगा। दूसरे प्रधान मंत्री जी को गृह मंत्री जी के जरिए जम्मू और कश्मीर के संबंध में फिर से मीटिंग बुलानी चाहिए, तो जो मीटिंग गृह मंत्री जी ने बुलायी थी जिसकी चर्चा अभी की गई है, श्री चतुरानन मिश्र जी ने, उस मीटिंग में सभी पार्टी के लोग थे और वहां पर इस प्रश्न को उठाया था कि नेशनल कांफ्रेस भी एक पार्टी है, नेशनल कांफ्रेस के डा० फारुक अब्दुल्ला है या उनके किसी प्रतिनिधि को क्यों नहीं बुलाया गया तो मेरा मंत्री जी से सुझाव यह है कि मामला हाई कोर्ट में गया हुआ है पैन्थर पार्टी के प्रेसीडेंट भीम सिंह ने चेलेन्ज कर रखा है। सुप्रीम कोर्ट क्या फैसला देगा, क्या नहीं देगा इलेक्शन कमीशन के आदेश पर। लेकिन प्रधान मंत्री जी को जम्मू और काश्मीर के पैकेज के संबंध में एक मीटिंग बुलानी चाहिए। उसमें डा० फारुक अब्दुल्ला को बुलाना चाहिए और भी जो वहां के राजनैतिक दल है, कश्मीर में रीजनल पार्टियां हैं, उनकी मीटिंग बुलाना चाहिए जिससे आपस में विचार-विमर्श हो सके और उनके विचारों को

हम समझ सकें और उस पर फैसला ले सकें।

दूसरा, वहां पर न केवल राजनैतिक पैकेज की घोषणा होनी चाहिए बल्कि एकानामिक पैकेज की भी घोषणा होनी चाहिए। कश्मीर के लोगों में यह विश्वास बिठाया जाना चाहिए कि भारत के लोग हमारे साथ हैं और इसके लिए यह भी आवश्यक है वहां के जो लोग शरणार्थी बन गए हैं, जो वहां के रहने वाले हैं, कश्मीरी पंडित हैं इनमें थोड़े अल्पसंख्यक संप्रदाय के मुसलमान भी हैं, उनमें विश्वास की भावना पैदा करनी चाहिए और उनमें विश्वास की भावना पैदा करके इस प्रकार का प्रयास सरकार को करना चाहिए ताकि जो शरणार्थी जम्मू-कश्मीर को छोड़कर भारत में चले आए हैं, वे अपने स्वदेश वापस जा सकें, यही मुझे कहना है।

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश): मैडम, कश्मीर की समस्या एक जटिल और गंभीर समस्या है और इस देश के लिए, इस राष्ट्र के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। कश्मीर इस देश का अभिन्न अंग है और इसको कोई अस्वीकार नहीं करता है। लेकिन कश्मीर की समस्या दिन-प्रतिदिन जटिल होती जा रही है और गंभीर होती जा रही है और इसका कोई हल सरकार नहीं कर पाई है।

मैडम, मैं समझता हूं और मेरी राय में दो लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं। एक तो कांग्रेस की सरकार है। इनके पास कोई इच्छा शक्ति नहीं लगती है। कश्मीर की समस्या को हल करने के लिए इच्छा शक्ति नहीं है और इस समस्या को उलझाए रखने में न जाने उनका क्या लाभ है। अगर कश्मीर की समस्या हल नहीं हो रही है तो वर्तमान सरकार और इसके प्रधानमंत्री आदरणीय नरसिंह राव जी इसके लिए जिम्मेदार हैं। जब प्रधानमंत्री जी थोड़ा मन बनाते हैं किसी प्रेशर की वजह से, तो एक दूसरे दल के लोग, जो कि कट्टरपंथी हैं, कट्टरवादी हैं, हिन्दूवाद का नारा देकर इस देश में शासन करने का सपना देखते हैं, वह कोई न कोई सवाल खड़ा करते हैं। वह नहीं चाहते कि जो कट्टरवादी हिन्दू लोग हैं, जिनके नाम पर उनकी पार्टी है, जिस के नाम पर ये सपना देखते हैं इस देश पर शासन करने का, वह नहीं चाहते हैं कि यह समस्या हल हो क्योंकि इससे ये हिन्दू-मुसलमान का सवाल खड़ा करते हैं। अगर प्रधानमंत्री जी घोषणा करते हैं कि वहां वजीरे आजम होगा, सदरे रियासत होगा तो इनके बड़े नेता खड़े हो जाते हैं और कहते हैं कि हम तो इस पर आंदोलन खड़ा करेंगे। इनको कश्मीर की समस्या हल करने की कोई चिंता नहीं है। चाहे राज्यपाल रहे, चाहे सदरे रियासत रहे, कश्मीर की समस्या का हल होना चाहिए। लेकिन आप एक सवाल खड़ा करते हैं। जब प्रधानमंत्री जी थोड़ा मन बनाते हैं, दबे मन से अनिच्छा पूर्वक किसी विवशता की वजह से कि कश्मीर में चुनाव कराये जाएं, राष्ट्रपति शासन बार-बार बढ़ाया जा रहा है तब ये 370 का सवाल खड़ा करते हैं और प्रधानमंत्री जी और सरकार इसमें उलझ जाती है। इसीलिये मैं कह रहा था मेडम कि दो लोग कश्मीर की समस्या का हल न होने देने के लिए और कश्मीर में लोकप्रिय सरकार न बनने देने के लिए जिम्मेदार हैं, दोनों पार्टियां जिम्मेदार हैं। मैडम, मैं बहुत समय नहीं लूंगा और मैं इतिहास में भी नहीं जाना चाहता। श्री जगमोहन जी तथा दूसरे माननीय सदस्यों ने हरी सिंह से लेकर स्वर्गीय इन्दिरा गांधी की बातों का उल्लेख किया, फारुख अब्दुल्ला साहब की बातों का उल्लेख किया। लेकिन हरी सिंह से लेकर पंडित जवाहर लाल नेहरू जी, स्वर्गीय इन्दिरा गांधी जी अब इस देश में नहीं हैं। ठीक है, उनके जो विचार थे, उनके जो निर्णय थे, उन पर हमें अमल करने की कोशिश करनी चाहिये, मानना चाहिये और उन्हें आदर्श मान कर के कश्मीर की समस्या को हल करना चाहिये। लेकिन आज वह महापुरुष, आज वह राजनेता हमारे बीच में नहीं हैं। आज तो यह संसद् है, राष्ट्र है और कुछ समय के लिए चार-छः महीनों के लिए इस देश के प्रधानमंत्री श्री नरसिंह राव जी हैं। हम सब को मिल कर के इस समस्या का हल ढूंढना चाहिये। इतिहास में उलझने की जरुरत नहीं है कि महाराजा हरी सिंह ने क्या कहा, दिल्ली एग्रीमेंट क्या हुआ था, इससे तो हम इतिहास पढ़ते रह जाएंगे और कश्मीर इसी तरह से जलता रहेगा। आज गंभीरतापूर्वक सरकार को, सारे विपक्ष को और राष्ट्र को सोचना है कि कैसे इस समस्या का हल हो। मैडम, राज्यपाल जी ने रिपोर्ट केन्द्र सरकार के पास भेजी और धमकी भरे हुए शब्दों में भेजी कि अगर कश्मीर के अन्दर चुनाव नहीं कराए जाते हैं तो मैं त्याग-पत्र दे दूंगा। हो सकता है उनकी रिपोर्ट सही रही हो कि वहां स्थिति सामान्य हो गई है, नार्मल हो गई है, चुनाव कराए जाएं या केबीनेट डर गई हो राज्यपाल की धमकी से। इन्होंने फैसला किया कि चुनाव कराए जाएंगे। प्रधानमंत्री जी बाहर तशरीफ रख रहे थे। प्रधानमंत्री जी की घोषणा हुई कि तीन दिन पहले यात्रा समाप्त कर के चले आएंगे क्योंकि कश्मीर का चुनाव होगा। विदेश में भी उन्होंने कुछ घोषणाएं की। मैं उसके विस्तार में नहीं जाना चाहता हूं। सरकार की सारी तैयारी हो गई कश्मीर के अन्दर चुनाव कराने के लिए टी०एन० सेशन साहब और उनके दोनों सहयोगी तीन आदमी जाते

हैं और एक दिन में उन लोगों ने फैसला किया कि कश्मीर की स्थिति सामान्य नहीं है इसलिए चुनाव नहीं कराए जाएंगे। वहां के राज्यपाल की रिपोर्ट, गृह विभाग की इंटेलीजेंस रिपोर्ट, केबीनेट का फैसला, प्रधानमंत्री जी की घोषणा और तीन दिन पहले महत्वपूर्ण यात्रा समाप्त करके आ जाना, फैसला हो गया कि चुनाव नहीं कराए जाएंगे। क्यों? क्या सरकार की इंटेलीजेंस रिपोर्ट गलत थी? क्या राज्यपाल ने आपको गलत सूचना दी थी? क्या आपने राज्यपाल के भय की वजह से फैलसा कर लिया था? जब चुनाव आयोग ने फैसला कर लिया तो हमारे गृह राज्य मंत्री सिब्ते रज़ी साहब का कानपुर से एक बयान आया कि नहीं हम फिर चुनाव आयोग को लिखेंगे और कश्मीर के अन्दर चुनाव कराए जाएंगे और चुनाव जरूर होंगे। यह सिब्ते रज़ी साहब का बयान जो उन्होंने देश के गृह राज्य मंत्री की हैसियत से दिया था कानपुर में, मैंने उसको पढ़ा तो मुझ को आशा हुई कि सरकार में थोड़ा दम है। लेकिन अब न तो सिब्ते रज़ी साहब का कोई बयान आ रहा है, न प्रधानमंत्री जी की कोई घोषणा हो रही है और न सरकार इस पर विचार करने के लिए तैयार है। मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर कश्मीर की समस्या को आप हल करना चाहते हैं तो वहां की जो समस्याएं है, उनका सरकार को अध्ययन करना चाहिए। समस्याओं का अध्ययन करिये, निदान करिये और राजनीतिक दलों का सहयोग लीजिये, विपक्षी दलों के लोगों का सहयोग लीजिये और शीघ्र चुनाव कराइये। इस देश में दो राज्यों में कश्मीर से भी ज्यादा बुरी परिस्थिति में चुनाव हुए हैं। आसाम में चुनाव हुए थे। वहां लोकप्रिय सरकार बन गई, वहां सारी समस्याएं हल हो गई। पंजाब में हालत इससे कम खराब नहीं थी। पंजाब में चुनाव कराए गए और वहां लोकप्रिय सरकार बन गई। स्वर्गीय बेअंत सिंह के नेतृत्व में वहां की सारी समस्याएं हल हो गई। मेरा मानना है और मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि हिम्मत करके कश्मीर के अन्दर चुनाव कराइये घोषणा करिये कि आप कब चुनाव कराने जा रहे हैं? अगर आप इस तरह की घोषणाएं नहीं करते हैं, आप इस तरह की इच्छा शक्ति नहीं रखते हैं तो मैं यह कहने के लिए तैयार हूं, विवश हूं कि यह आपके और चुनाव आयोग की मिलीभगत है। बार बार राष्ट्रपति शासन बढ़ाने के लिए इस सदन में प्रस्ताव पास किए गए। हमने समर्थन दिया, विपक्ष ने समर्थन दिया। आपने आश्वासन दिया कि काश्मीर के अंदर हम शीघ्र चुनाव करा देंगे। आपने चुनाव नहीं कराए। सदन की बैठक होने वाली थी। कहीं सदन में यह सवाल न उठे—मैं मानूंगा अगर चुनावों की घोषणा नहीं करते तो इसलिए आपने नाटक किया चुनाव कराने के लिए और चुनाव आयोग ने जब इसको रोक दिया, कहा कि चुनाव नहीं कराएंगे, वहां सामान्य स्थिति नहीं है तो आप मौन हो गए। आपकी और चुनाव आयोग की मिलीभगत मालूम पड़ती है। सारा ला एण्ड आर्डर मेन्टेन करना, शांति व्यवस्था कायम करना, शांति व्यवस्था के बारे में रिपोर्ट लाना, यह सब आपका दायित्व था। आपकी इंटेलीजेंस है। आपकी एजेंसीज हैं। आपकी एजेंसी ने कहा कि चुनाव कराइए, राज्यपाल ने कहा कि चुनाव कराइए और 24 घंटे के अंदर चुनाव आयोग कहता है कि सामान्य स्थिति नहीं है। मैं मानता हूं कि काश्मीर में सामान्य स्थिति नहीं है। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता है लेकिन आप हिम्मत करिए, इच्छा शक्ति रखिए और वहां चुनाव कराइए। काश्मीर की जो समस्याएं हैं उनका ध्यान कीजिए। इसलिए मेरा मानना है कि काश्मीर के अंदर लोकप्रिय सरकार का गठन हो जाए चाहे जिस पार्टी की सरकार वहां पर बन जाए। आप तो डर गए। फारुख अब्दुल्ला साहब से बात हो गयी। उन्होंने कहा कि हम तो अपनी पार्टी में, नेशनल कान्फ्रेंस में इसे रखेंगे कि हम चुनाव में भाग लें कि न लें। आप डर गए। आपको हिम्मत हो तो चुनाव कराइए। जो पार्टी चुनाव लड़ना चाहती है वह चुनाव के मैदान में जाएगी, जो नहीं लड़ना चाहती वह चुनाव के मैदान में नहीं जाएगी। आपसे मेरा निवेदन है, आपके माध्यम से सरकार से मेरा निवेदन है कि काश्मीर की समस्याओं को आप ज्यादा खराब मत होने दीजिए क्योंकि अगर चुनाव नहीं कराते हैं तो दिन प्रति दिन काश्मीर की समस्याएं जटिल ही होती जाएंगी। इसलिए अब मेरी समझ में एक ही रास्ता बचा है सरकार के सामने कि जल्दी से जल्दी काश्मीर के अंदर चुनाव करा कर एक लोकप्रिय सरकार का गठन किया जाए और वहां की सरकार वहां की परिस्थितियों का अध्ययन करके उग्रवाद को भी समाप्त कर सकती है, वहां की समस्याओं का भी हल कर सकती है। यही वहां काश्मीर के नागरिकों के हित में होगा और यही राष्ट्र हित में होगा, देश हित में होगा। बहुत बहुत धन्यवाद, मैडम।

श्री संघ प्रिय गौतम: मैडम, सिर्फ दो मिनट मैंने मांगे थे।

SHRI V. GOPALSAMY: Madam, Vice-Chairman, I am thankful to you for this opportunity. Madam, a lovely land, a paradise on earth, which was branded as a garden of peace and happiness some decades ago, which was compared to

Switzerland, has become a land of bloodshed, tears, agony and anguish. I was listening with rapt attention to the speeches of my hon. colleagues here, particularly Mr. Jagmohan and Mr. Mufti Mohd. Sayeed. Madam, the question before the Parliament and before the country is...

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): माथुर साहब, अगर आप जाने वाले होंगे तो मैं आपके माननीय सदस्य को मौका नहीं दूंगी क्योंकि आपके लीडर साहब बोल चुके हैं।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: आप देंगी या नहीं देंगी यह आप देनों का फैसला है।

SHRI V. GOPALSAMY:....whether the election could be held before the Election Commission pronounces its decision. Everybody was under the presumption that election could be held and there would not be any Winter Session also. But, some of our friends from the Treasury Benches stated that conditions are very conducive, and that normalcy has been restored. Is it a fact? I do not want to take much time on this particular issue because data and figures have been given by Mr. Jagmohan which state that the number of civilian killings has increased this year, the number of army personnel killed has increased, the incidents of firing have increased, the number of abductions has increased, etc. So normalcy has not been restored . The conditions are not conducive. Then what happened? When our hon. Prime Minister, Shri Narasimha Rao, was rushing to attend the G-15 Summit, he made a statement from Burkinofaso and Dr. Farooq Abdullah and others expressed that there was no package proposal. Only the Prime Minister had the package with him for his travel. There was no package proposal. Then for what reasons were they given to understand that there will be a package proposal, that the sky is the limit for autonomy? Those words have not come from any ordinary person. That was a statement from the hon. Prime Minister When Dr. Farooq Abdullah spoke to the press people, he stated that these are the things which were promised by Shri Narasimha Rao, the Prime Minister, and fuller autonomy will be there. For, short of *Azadi,* we were prepared to give anything and the sky is the limit. Is it a responsible statement? Has it been made by the Prime Minister of this country, on this crucial issue, on this grave issue? Mr. Vayalar Ravi said that they contributed very much for the welfare of Jammu and Kashmir and much was said about 1952 and 1975 accords. According to Mr. Jagmohan there was no accord at all in 1952. A statement was made by the then Prime Minister, the late lamented Pandit Jawaharlal Nehru, and another statement was made by Dr. Sheikh Abdullah in Kashmir in the Assembly. After some months, Dr. Sheikh Abdullah was arrested and imprisoned in our State of Tamil Nadu at Kodaikanal. Twenty-two years passed. When Dr. Sheikh Abdullah was released, then, Madam, Mrs. Indira Gandhi and Dr. Sheikh Abdullah came to an agreement. That was in 1975. I am not bothered about the nomenclature. That is not the problem here. Mr. Jagmohan said that civil administration has to be built. Is it a remedy for the problem? I am at a loss to understand. A sense of alienation is taking place in the minds and hearts of the people of Kashmir. That is the ground reality. What is the remedy to tackle that problem, that political problem, the political alienation of the people? Yes, of course, Vivekananda travelled right from Calcutta to Cape Comorin and Shankaracharya travelled from Kaladi to Himalayas. But one thing we should not forget, we should not create an impression that there was one civilization, one culture, one India those years. I am trying to state that historical fact; there was no India as one country. The landscape was there, there were different civilizations, there were different cultures. Pandit Nehru was a visionary, therefore, he realised the fact and he gave the dictum-unity in diversity. But has it been practised? The identity and

originality of every nationality should be protected, preserved and developed. It is a multi-lingual, multi-rational, mutli-national State; that is history. But if you want to impose your hegemony of one culture, of one language, of one civilization or one party rule, then you can not protect the unity and integrity. My party has made it clear in no uncertain terms and I should not be misunderstood on this issue. We are for the unity and the integrity of the country, but not at the altar of sacrificing the originality, the individuality, the culture and the civilisation of every race, every nationality. That fact we should not forget. You wanted to impose the tricolour hegemony throughout the country, from the Himalayas to Cape Comorin; in almost all the States. That has created the problem. (*Interruptions*) Yes; of course.

Mr. Jagmohan was saying that Sheikh Abdullah was harping on an independent Kashmir. But we should not forget the fact that when the Instrument of Accession was signed, the credit for the signing of it went to that great man, Sheikh Abdullah. We should not forget this fact. What price he had to pay? Sheikh Abdullah, Dr. Farooq Abdullah, the National Conference, said: 'Kashmir is a part and parcel of India'. What price they have paid? What price they have to pay? Today, the grave of Sheikh Abdullah is to be protected by our Army jawans, fearing desecration. What is the reason?

Madam, the people reposed faith and confidence in the National Conference and its leadership because they were confident that the originality and the individuality of the Kashmiri culture, civilisation, everything, would be protected. But what happened? There was an elected Government. Dr. Biplab Dasgupta has pointed this out. There was an elected Government headed by Dr. Farooq Abdullah. One fine morning, when he was taking his cup of tea, he came to know that his Government was thrown out. A quisling was created. By whom? By the Central Government, ruled by the Congress Party. You wanted to rule almost all the States. G.M. Shah was brought in. He was the quisling. You wanted to destroy the regional party. What has been the casualty? A sense of alienation started. The voice of the extremists, the voice of the pro-Pakistani elements got strengthened in the Kashmir Valley. This is a fact. You cannot deny this fact.

Today, what is the situation? The State Secretary of the C.P.I.(M)— you cannot criticise him because his party is for one country— who is living there, braving the bullets, has this to say on the present state of affairs in Kashmir. This has appeared in 'India Today'. This is a story given by Sharad Saxena. This is what the Secretary of the Jammu and Kashmir unit of the C.P.I.(M) says—I quote— 'Maximum autonomy, a basic right of the people which has served as a bridge between the State and the Centre, and the aspirations of the people of Kashmir are very important. How can you except the common Kashmiri, who has sacrificed so much, to come and vote for you, unless you understand his emotional trauma and dilemma? He wants to vote, but only if you return his honour through autonomy'.

Therefore, Madam, the question is one of real autonomy. You are saying that there would be a package for giving fuller autonomy, etc. I understand, the Prime Minister had said that the 1975 Agreement would be honoured. When Dr. Farooq Abdullah says that the status before 1953 should be restored, there are two problems. The Constitution which was finalised in 1956 has to be abandoned or abrogated. The Fundamental Rights of the citizens have to be deprived. According to reports we get through the Press about the sentiments of the people there, certain Central laws have to be restored and some have to be repealed.

At the time when the Instrument of Accession was signed, only three

subjects—Defence, Foreign Affairs and Communications—vested in the Centre. So, today I would accuse that the Congress Party, which was at the helm of affairs here, is the root cause for all these troubles.

When the Babri Masjid was destroyed by religious fanatics when the hearts of the Muslim community and all the people who cherish secularism were broken, what was the Government of Mr. Narasimha Rao doing? Did you protect the mosque with your own Army jawans? What was the message sent? So, Pakistan started saying that Muslims in India do not have security and their places of worship could not be protected. When hundreds of mosques were being protected near Jerusalem all these years by the Israeli army from the attacks of Jewish fanatics, you could not protect the Babri Masjid. In 1965 when there was a war with Pakistan, the people of Kashmir fought for this land. The people of Kashmir welcomed our jawans, extended all support to our jawans, and their patriotism could not be suspected. Now the reason is because you played politics there. Therefore, for India, real autonomy and a real federal setup is the solution. In our jubilation when we got Independence, we did not anticipate many things. In that hour of jubilation, many people forgot the basic fact that this country was a land-scape with many cultures, civilizations and languages. Therefore, there should be real autonomy and decentralization—not only for Kashmir. You created a problem in Punjab, you created a problem in Kashmir. Now you propose this package as if that is a panacea for all the ills and problems there. Real autonomy and a real federation is the only answer.

Mufti Mohd. Sayeed and Mr. Swaminathan of the AI-ADMK referred to something about the conditions in Sri Lanka. Here I want to put the record straight. We should not equate the situation in Kashmir with the situation in Punjab, we should not equate the situation in Kashmir with the situation in Sri Lanka. Here in Kashmir, the people are not treated as slaves. Article 370 is very much there: a specail status has been given to them. The Kashmiris are not treated as second-rate citizens in India. So we should not equate the situation of Kashmir with that of Sri Lanka. There the Tamils are treated as slaves. ..*(Interruptions)*.. I want to put the record straight. Two Members—the previous speakers—said that Chandrika Kumaratunga offered a package there, but Mr. Narasimha Rao has not proposed any package here. That was their point.

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI JAGDISH TYTLER): Speak to the Chair.

SHRI V. GOPALSAMY: Because Mr. Ahluwalia raised something.

SHRI S. S. AHLUWALIA (Bihar): you want to settle your Tamil Nadu scores is it?

SHRI V. GOPALSAMY: It is not a question of settling scores: I want to put the record straight.

Madam, they said that Chandrika Kumaratunga offered a package, some concrete proposal, but not Mr. Narasimha Rao here. Such proposals have to be approved by an absolute majority in Parliament and by a majority in a national referendum there, and the proposals were spelt out after the outbreak of hostilities. And there it is a problem of colonization, the problem of colonization of the traditional home areas of Tamils where Sinhalese were settled. Does such a problem exist here? Such a problem does not exist here in Punjab, such a problem does not exist in Kashmir.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: The debate is with regard to Kashmir, not Sri Lanka. You remember that. ..*(Interruptions)*..

SHRI V. GOPALSAMY: He is

speaking without understanding anything. He won't understand anything—that is the biggest problem. When Mufti Mohd. Sayeed was referring to this thing, when Mr. Swaminathan was referring to this thing, you kept quiet. What happened to you? Because you could not understand these things? It requires some wisdom.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Mr. Gopalsamy, don't waste your time. Come to the subject.

SHRI V. GOPALSAMY: Such problems are not here. We should not equate the situation in Kashimr or the situation in Punjab with the situation in Sri Lanka. That is totally different. That is my point.

Madam, I have been listening to the speeches of all the Members, but nobody was able to give a solution. They could narrate the situation. That is all. What solution has been spelt out? What is the solution? The situation is very grave. A sense of alienation is there. Even last week, I think, there were demonstrations against the Indian Government. When they were expecting elections, there were demonstrations against elections. That is the mood of the people there. We should not shut our eyes to the reality. We should not follow an ostrich-like policy as if the normalcy has been restored. Unless a new, real, federal set-up, real autonomy is given to the States and unless the originality and the individuality of every culture, every race and every nationality is protected, promoted and developed, the unity and integrity of the country will be in jeopardy. This is my point.

Thank you.

SHRI JAGMOHAN: Madam, I just want to say something by way of clarification becuase he has quoted me. I said that Sheikh Abdullah's tragedy lay in politics of deception and duplicity. I did not say that his role was different.

Secondly, when I said that the history of Kashmir did not begin only with 1947 but that it was 5,000 years old, it does not draw the conclusion that he has drawn. Even regarding unity in diversity, my point is that Articles 25 and 30 of the Indian Constitution give sufficient protection to cultural, linguistic and other minorities. So, that should be good enough for everybody. Why should we have a special thing for anybody?

Thirdly, he said that nobody had given solutions. When I was on the point of a solution, you said that the time was over. I have ten points, but, on some other occasion I will mention them.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: I will give suggestions, rest assured.

Madam, should I?

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Who has given you permission? When he was saying something, you just stood up. This is the habit of Mr. Gautam. This is very problematic.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: I am asking for your permission.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Yes, please go ahead now.

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदया, सारे सदन और सारे राजनीतिक दल, हम सब इस बात से सहमत हैं कि जम्मू-कश्मीर के हालात खराब हैं, वहां पर समस्याएं सुलने के बजाए उलझ रही हैं, नई समस्याएं पैदा हो रही हैं। सारे दल और यह सदन इस बात पर भी एकमत हैं कि इन समस्याओं का समाधान होना चाहिए। हम सब इस बात पर भी एकमत हैं कि समस्याओं का समाधान बड़े पैमाने पर एक चुनी हुई, लोकप्रिय सरकार के द्वारा हो सकता है। इस बात पर भी सारा सदन एकमत है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव होने चाहिए। हम सब इस बात पर भी एकमत हैं कि चुनाव तो होने चाहिए लेकिन चुनावों के लिए स्थिति अनुकूल नहीं है। अब प्रश्न केवल एक पैदा होता है कि परिस्थितियां अनुकूल कैसे बनाई जाएं, इसके लिए हमको क्या करना चाहिए? एक सुझाव तो श्री जगमोहन जी ने दिया कि नागरिक प्रशासन को पूरी तरह से बदल देना चाहिए और नागरिक प्रशासन का संबंध केवल वहां की ब्यूरोक्रेसी से नहीं है, राज्यपाल भी उसमें सन्निहित है।

यह एक सही सुझाव है, मैं इसका अनुमोदन करता हूं। दूसरा एक सुझाव मुफ्ती मोहम्मद साहब ने दिया और सबने दिया कि हम भले ही यहां दलगत लड़ाई लड़े लेकिन जम्मू-कश्मीर में हम मिलकर के काम करें। ..(व्यवधान).. मैं आपका ध्यान चाहूंगा मिस्टर ठाकुर, आपकी पार्टी से ज्यादा संबंधित है, आपका ध्यान चाहूंगा। मैं सुझाव दे रहा हूं, मैं किसी को क्रिटिसाइज़ नहीं कर हूं। हमें अगला काम क्या करना चाहिए? हमें अगला काम यह करना चाहिए, जो मिश्र जी ने भी सुझाव दिया था, कि हमारे प्रधान मंत्री जी को और कांग्रेस पार्टी को सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकर चर्चा, सलाह-मश्विरा करना चाहिए, उनके सुझाव लेने चाहिए।

तीसरा सुझाव, हम कभी-कभी राष्ट्रीय सरकार की बात करने लगते हैं कि अगर आपातकालीन परिस्थिति पैदा हो जाए और कोई एक दल सरकार बनाने की स्थिति में न आए तो राष्ट्रीय सरकार के भी प्रश्न पैदा होते हैं। हम जम्मू कश्मीर में राज्य सरकार बनाएं राष्ट्रीय सरकार के बजाय। एक दल की सरकार नहीं, कोई एक दल सरकार बनाने को, चलाने की स्थिति में नहीं है। हमारा सब का इंवोल्वमेंट हो। जब मैं राष्ट्रीय राज्य सरकार की बात कहता हूं तो मेरा सीधा अर्थ यह है कि हम कंस्टीट्यूंसी चाहे तो लाटरी से, चाहे आपसी सहमति से बांटलें, हम सब राजनीतिक दल मिलकर के चुनाव कश्मीर मे लड़ें। मेरा सुझाव अपना है, मैं समस्या का समाधान बता रहा हूं। अगर वास्तव में हम सीरियश हैं तो Jammu and Kashmir is an integral part of India. है। लेकिन रहे कैसे? बचाएं कैसे? सब मिलकर के बचाने का तरीका बतला रहा हूं।....

(व्यवधान) मैं जो बात कहता हूं, मेरे यहां आपकी तरह खरीदे हुए लोग नहीं हैं। हमारे यहां एक आदमी की बात सबकी बात है।

श्री एस० एस० अहलुवालिया: अपने नेता से पूछा आपने?

श्री संघ प्रिय गौतम: मैं खुद नेता हूं।.... **(व्यवधान)** मैं बोल रहा हूं। I am the Chief Whip of my Party. अगर यह बात है। I withdraw my words.

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): गौतम जी, आपने मुझे कहा था कि मैं सिर्फ एक मिनट में खत्म कर देता हूं। आप हमेशा अपने वायदों का उल्लंघन क्यों करते हैं?

श्री संघ प्रिय गौतम: अच्छा, आज कर लेने दीजिए, आयन्दा नहीं होगा।....(व्यवधान)

हम अंदर और बाहर एक हैं। नेता के मायने क्या होते हैं।

I am an office bearer of my Party. I am All-India Secretary of my party. I am the Chief Whip of my party. What do you mean by Neta.

और क्या मतलब है आपका। तीसरा सुझाव, आप वहां मिल करके चुनाव लड़े....(व्यवधान) You are not serious about the solution of the problem.

आप वहां मिलकर के चुनाव लड़ें, प्रोपगैंडा करें।

चौथा सुझाव, जो लोग वहां से आ गए हैं इनको वहां ले जाकर के मतदाता बनाकर के इनको वहां पर स्थापित करें। अगर नहीं कर सकते हैं तो जिस तरह से सरकारी नौकर ड्यूटी पर बाहर होते हैं और अपना वोट वहां से भेजते हैं, तो कोई इस तरह का प्रावधान करें। अगर यह नहीं जा सकते हों और नहीं ले जा सकते हों तो यह मतदान करें। इनके मत गिने जाएं। इनके बगैर चुनाव कैसे होगा? क्या मायने होंगे उस चुनाव के? वहां के जो लोग बाहर हैं, इनका पार्टिसिपेशन होना चाहिए।

पांचवीं जो महत्वपूर्ण बात है। समस्या को आप उलझाते हैं। आप कृपा करके मत उलझाइए। कैसे? मेरे मित्रों ने यह तो उदाहरण दिया कि शेख अब्दुल्ला ने तथा और लोगों ने इस व्यवस्था को स्वीकार कर लिया कि जो हमारे देश में है कि राज्य का मुख्य मंत्री होगा और राज्यपाल होगा। शेख अब्दुल्ला से लेकर के फारुख अब्दुल्ला तक सात मुख्य मंत्री हो गए। तो उन्होंने यह स्वीकार किया। आप चैप्टर को रि-ओपन क्यों कर रहे हैं। आपसे किसने यह कहा? आपने देखा कि जब वहां चुनाव हुए चाहे वहां सत्ता में नेशनल कांफ्रेंस या कांग्रेस रही, वह लोकप्रिय सरकार रही और आतंकवाद नामोनिशान के लिए नहीं था। यह आतंकवाद आपने पैदा किया। नेशनल कांफ्रेंस में फूट डालकर अपनी सरकार बनाने के लिए फारुख अब्दुल्ला के बहनोई शाह को आपने मुख्य मंत्री बनवाया। तो नेशनल कांफ्रेंस आपने तोड़ी, वहां की लोकप्रिय सरकार आपने तोड़ी। वहां पर राजनीतिक अस्थिरता आपने पैदा की। आतंकवाद को आपने वहां पर पैदा किया और आज आप आ बैल मुझे मार, वहां के लोगों को चाहिए क्या? मेरे भाई कहते हैं —आटॉनोमी।

What do you mean by autonomy? Autonomy cannot be above the country. Autonomy cannot be above the Constitution. Autonomy cannot be above the public good. Autonomy cannot be above human rights. What are human rights? ..*(Interruptions)*..सुन तो लो पहले। I am defining the word "autonomy". ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Mr. Gautam, will you please listen to me?

आप जिन विचारों को सदन के सामने रखना चाहते हैं, अगर वह धीमी आवाज में रखेंगे तो सुनने वाले को भी अच्छा लगेगा। आप तो ऐसे बोल रहे हैं जैसे हाऊस में झगड़ा हो रहा है। ताकि लोगों की समझ में आए कि आप क्या बोल रहे हैं। उछल-उछल कर बोलने से कोई फायदा नहीं होता।

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: I am thankful to you for reminding me. ..*(Interruptions)*... Friends, kindly don't provoke me.

कश्मीर के लोग चाहते हैं कि उन्हें रोजी चाहिए। रोजी खत्म हो गई है। टूरिस्ट जाते नहीं हैं। उन्हें रोटी चाहिएं, उन्हें कपड़ा चाहिए, उन्हें मकान चाहिए, उन्हें शिक्षा चाहिए, उन्हें दवा चाहिए, उन्हें सुरक्षा चाहिए, उन्हें आतंकवादियों से छुटकारा चाहिए। उन्हें शांति का जीवन व्यतीत करने का अवसर चाहिए, — आटॉनोमी। बाकी तो सभी पैसा देते ही हैं विकास के लिए अनेकों योजनाएं हैं। हमारे ऊपर आप बिलेम करते हैं। धारा-370 खत्म करने की बात ही तो करते हैं, खत्म तो नहीं हुई है और न हमारे कहने से खत्म हो रही है। वह ज्यों की त्यों बनी हुई है। आपके उसमें आड़े नहीं आ रही है। ....**(व्यवधान)** आज धारा-370 बनी हुई है। हम उसकी मुखालफ करते हैं। आपको उसमें कोई बाधा नहीं है। इसलिए आप काम करिए जो कुछ करना चाहते हैं। आटॉनोमी मिली हुई है धारा-370 के रहते हुए। परेशानी क्या है? वहां आटॉनोमी ज्यों की त्यों है। इसलिए खामोखां आप बात कर बतंगड़ और झूठा भूत मत पैदा कीजिए। इस तरह की बातें कह करके जैसे एक ढपोल शंख होता है, ढपोल शंख कहता है कि सौ मन सोदा दे दो, दे दिया। लेकिन देता एक छटांक भी नहीं है। आप जो कहते हैं वह दे नहीं सकते और जो आप दे सकते हैं वह देते नहीं हैं। तो इसलिए आप ढपोल शंख का प्रचार मत कीजिए। आखिरी बात,....**(व्यवधान)** देखिए मैड्म, मैंने पहले कह दिया कि अभी आपके पास में धारा-370 है, अभी यह खत्म नहीं हुई है। Don't misguide people.

आप लोग बड़ा प्रचार करते हैं और आपने इतना दुष्प्रचार किया है बी॰ जे॰ पी॰ के खिलाफ। लेकिन कौवे के कोसने से ढोर मरते नहीं हैं। दुष्प्रचार से कुछ होने वाला नहीं है। मैडम् आखिरी बात, मैंने जैसा आपसे निवेदन किया हो।

proper utilisation of funds and implementation of the Government schemes.

यह नहीं हो पा रहीं है। क्यों नहीं हो पा रहा है? पब्लिक का तो इंवोल्वमट नहीं है। जितना भाषण कर रहे हैं वहां की पब्लिक को आटॉनोमी चाहिए। यह नेता दिल्ली में बैठ करके कर रहे हैं। जो कश्मीर के हैं वह भी दिल्ली में बैठ करके बात कर रहे हैं। फारुख अब्दुल्ला साहब हो, चाहे मुफ्ती मोहम्मद सईद हो, चाहे हमारे माखन लाल फोतेदार साहब हो यह सब कश्मीर जाएं और जो कश्मीर में रहने वाले है कम से कम आप तो जाएं और पीछे-पीछे हम भी आपके साथ चलते हैं। तो कश्मीर में जाकर के बयान दो, लोगों के साथ मिलो। उनकी भाषा को आप समझते है, हम नहीं समझते। आप आज भाषण यहां दे रहे हैं और कह रहे हैं कि यह जम्मू कश्मीर की जनता कह रही है। यह तुम कह रहे हो, जम्मू कश्मीर की जनता तो वह कह रही है जो मुफ्ती मोहम्मद सईद साहब कह रहे थे अभी कि वहां की जनता चुनाव चाहती है। हम सब सपोर्ट करेंगे। वहां की जनता परेशान है पाकिस्तान से, परेशान है आतंकवादियों से, परेशान है इस सरकार की ढपोल शंखी नीतियों से। वह सब मुफ्ती मोहम्मद सईद साहब कह रहे थे। मैडम, इसलिए ...**(व्यवधान)**... मैं तो भाषण नहीं देता, मैं दिल की बोली बोलता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सरोज खापर्डे) : गौतम जी, एक मिनट पूरा हो गया।

श्री संघ प्रिय गौतम : लास्ट संदेश।

श्री संघ प्रिय गौतम: बिजनेस एडवाइजरी कमेटी के मुताबिक 6 बजे तक हाउस बैठेगा। एक मिनट में आप खत्म करें।

श्री संघ प्रिय गौतम: लास्ट संदेश। इसलिए तुरन्त इस व्यवस्था को लागू करके तीन-चार महीने के अंदर परिस्थिति नार्मल कर लीजिए और फिर चुनाव करा लीजिए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SYED SIBTEY RAZI) : Madam, I would like to inform the House, through you, that if the discussion is over, then, tomorrow, the hon. Home Minister will reply to the discussion. It is 6 o'clock now and it will not be possible to reply now. Most of the senior Members are not here. The hon. Home Minister will reply to this discussion tomorrow, if you permit.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE) : I would like to take the sense of the House. Would you like to sit beyond 6 o'clock? *(Interruptions)*.

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल): मैडम, खान दुर्घटना पर मंत्री जी का बयान आ चुका है। यह महत्वपूर्ण मामला है।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सरोज खापर्डे): इसीलिए मैंने आपसे कहा कि आप इस महत्वपूर्ण मामले पर मंत्री जी के बयान पर कलेरीफिकेशन आज चाहेंगे या कल चाहेंगे?

DR. BIPLAB DASGUPTA: Madam Vice-Chairman, ... *(interruptions)*.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE) : I am listening to everybody. *(Interruptions)*. One at a time, please.

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR: Madam, you must catch my eye.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): I must catch your eye! Or, must you catch my eye? *(Interruptions)*.

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR: What I want to tell you is, we have no objection in case the Home Minister is not ready today to reply to the debate. But I may also be permitted to speak tomorrow before the Home Minister replies. Otherwise, the sitting may be extended now. I want to speak on certain things which have been raised here and which need a reply, which I think the Government may not be in possession of. *(Interruptions)*. I want to intervene. I seek your permission. I want to speak on this. In case you do not permit me, I have no objection. The Presidential Proclamation is coming up. I will speak on that. But today, I want to say one thing. I would like to say whether you extend the sitting or not....*(Interruptions)*. We, in one way or the other, are responsible for the extension of Article 356. *(Interruptions)*. I am just seeking the permission of the Chair. I may be allowed to speak tomorrow before the Home Minister replies to the debate. *(Interruptions)*. I must be permitted. In case I am permitted, I have no objection for adjourning now. I will speak tomorrow.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Fotedarji, your name is not there in the list of speakers given by the office, the Rajya Sabha Secretariat.

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR: I am giving my name directly to you, Madam.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Whatever names are there, I have already called. Now, the Business Advisory Committee has taken a decision that we will not sit beyond 6 o'clock. I thought I would take the sense of the house. If Members are prepared to sit beyond 6 o'clock, I do not have any objection. *(Interruptions)*.

SOME HON. MEMBERS: Tomorrow.

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR: I must be allowed to speak tomorrow. *(Interruptions)*.

DR. BIPLAB DASGUPTA: I have a suggestion. If Mr. Fotedar wants, let him speak for 5-10 minutes now.

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR: I require at least half an hour.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): How can I give you half an hour?

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR: Then you give me time tomorrow.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): It is not fair on your part.

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR: It is fair. I want to speak on Kashmir. *(Interruptions)*. We fight for this right. Otherwise, we will have autocrats and dictators in Kashmir. (*Interruptions*). We want the extension of Article 356. We want that Members should be allowed to speak. Don't you want Parliament Members to speak? You won't allow a Member who hails from Kashmir to speak on Kashmir! Is the Government so afraid of it?

SYED SIBTEY RAZI: Madam, I would like to clarify that the Government is not afraid of anybody. This is a matter between you and the hon. Member. If you permit, we do not have any objection to listen to him also. Such sort of allegations should not go on record. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): His name has not been given by the party and it is not there in the list before me.

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR: Today the names have not been given by the party because it is a Short Duration Discussion. Anybody can speak on this issue today. It is a Short Duration Discussion.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Your name has not come from the party and I am not in a position to give you a chance to speak because your name is not in the official list. Moreover, the House is not prepared to sit beyound six o' clock.

SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR: I want time tomorrow. You get the sense of the House. The House will support me. *(Interruptions)*

THE VICE CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Now, I adjourn the House till 11.00 a.m. tomorrow.

The House then adjourned at six minutes past six of the clock till eleven of the clock on Thursday, the 30th November, 1995.

MGIPRRND—2939 RS/97—300 Copies.